कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – आर0 ओ0/2021/206,

दिनांक – 22 सितम्बर, 2021

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा – 2021

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा – 2021 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in के माध्यम से ऑनलाईन आमन्त्रित किये जा रहे हैं। प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन शुल्क कुल ₹ 1,250.00 (₹ एक हजार दो सौ पचास मात्र) ऑनलाईन Debit Card/Credit Card/Netbanking के माध्यम से दिनांक 22 सितम्बर, 2021 से 16 अक्टूबर, 2021 (रात्रि 11:59 तक) ही जमा किया जा सकता है। अन्तिम तिथि के उपरान्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र अथवा परीक्षा शुल्क जमा किया जाना सम्भव नहीं होगा।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र ऑनलाईन माध्यम से ही डाउनलोड किये जाने होंगे। डाक अथवा किसी भी अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। **बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 (रविवार) को प्रस्तावित है।**

बी0 एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता व अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें विश्वविद्यालय की वैबसाईट में अपलोड की गयी विवरणिका (Information Brochure) से प्राप्त की जा सकती है।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

पृष्ठांकन सं0 – आर0 ओ0/2021/206,

तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक – 23 सितम्बर, 2021 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें –

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

- निदेशक, डी0 आई0 सी0, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- प्रभारी, ई0 आर0 पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के दृष्टिगत पोर्टल सम्बन्धी समस्त आवश्यक कार्यवाही यथासमय सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव